# नारी लोक

अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल का मासिक मुखपत्र

जनवरी, 2024

अंक 306



अध्यक्षीय कार्यालय :
SARITA DAGA
45-46, Gem Enclave, Pradhan Marg,
Malviya Nagar,Jaipur-302017
Mob.: 9413339841
Email: president@abtmm.org


**2024**

**नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं**

## अध्यक्षीय आह्वान

**जीवन की अनमोल धरा पर,लो फिर नूतन सूर्य उगा है,**
**नयी रश्मियां कर लें उद्घाटित, मंगलमय नववर्ष मिला है।**
**जागो, अपनी शक्ति पहचानों, समय हमें पुकार रहा,**
**शुभ भावों से भावित हो सब, ऐसा अवसर आज मिला है॥**

**प्रिय बहिनों,**

सादर जय जिनेन्द्र ! देखते ही देखते वर्ष 2023 समय की पगडंडी पर अपने पदचिन्ह छोड़कर अलविदा कह गया और अब अनन्त संभावनाओं को दस्तक देता हुआ वर्ष 2024 प्रारम्भ हो रहा है। देशभर की मेरी **सम्माननीय और प्रिय बहिनों**, नववर्ष के इस पावन अवसर पर **Team ABTMM** के साथ मेरी अनन्त शुभकामनाएं स्वीकार करें।

वर्ष 2023 अब अतीत बन चुका है लेकिन 2023 जाते-जाते मुझे अध्यक्षीय दायित्व की बहुत भारी चादर ओढ़ाकर गया है, फिर भी मैं अपने आप को बहुत निर्भार महसूस कर रही हूँ क्योंकि 2023 ने ही मेरा आंचल आप सभी बहिनों के विश्वास, स्नेह और सहयोग से भरा है। **परम श्रद्धेय आचार्य प्रवर** का अतिशय कृपाभाव, **श्रद्धेय साध्वी प्रमुखाश्री विश्रुतविभाजी** का सतत् मार्गदर्शन और वात्सल्य तथा आध्यात्मिक प्रभारी **शासन गौरव साध्वीश्री कल्पलताजी** का विश्वास तो सबसे सर्वोपरी है।

बहिनों, अतीत से भविष्य की इस यात्रा में वर्तमान सबसे महत्वपूर्ण है जो हमें नवीनता का संदेश देता है। वैसे तो हर क्षण नया होता है क्योंकि बीता हुआ कोई भी क्षण लौटकर वापिस नहीं आता। हर पल, दिन, महीना, वर्ष सभी तो नये होते हैं। हम अपनी सुविधा के अनुसार इन्हें विभिन्न पड़ावों में बाँट देते हैं और नाम या नम्बर दे देते हैं। वैसे तो वर्ष 2024 भी एक नम्बर ही है लेकिन है बहुत महत्वपूर्ण, क्योंकि वर्ष 2024 हमारे लिये दो बड़ी सौगातें लेकर आया है।

**प्रथम-** इसी वर्ष हमारे आराध्य **आचार्यश्री महाश्रमणजी का दीक्षा कल्याण महोत्सव** है। इस अवसर को मण्डल ने अपने **'आराध्य की आराधना'** तप की श्रृंखला से प्रारम्भ किया है, जिसकी रूपरेखा प्रेषित की जा चुकी है और समय-समय पर आपको सूचित भी करते रहेंगे। मेरा आपसे अनुरोध है, आप इस यज्ञ में अपनी आहूति, अपनी क्षमता अनुसार अवश्य दें। **दूसरा- यह वर्ष ABTMM के स्वर्ण जयंती शुभारंभ का वर्ष भी है।** इसे भी हमें रचनात्मक दृष्टिकोण रखते हुए भव्यता से मनाना है। इसमें भी आप सब की सक्रिय सहभागिता अपेक्षित रहेगी। **वर्ष 2024** प्रारम्भ हो चुका है तो आइये हम इसका तहेदिल से स्वागत करें और संकल्प लें कि हम अपने समय, श्रम, शक्ति और चिन्तन का उपयोग अपने मण्डल, धर्मसंघ, समाज और स्वयं अपने विकास के लिए करेंगे।

अमेरिका के पूर्व विदेश मंत्री हेनरी किसिंजर को अमेरिका का आज तक का सबसे सफल विदेश मंत्री माना जाता है। जिनका हाल ही में निधन हुआ है। एक बार एक पत्रकार ने उनसे प्रश्न पूछा कि एक विदेश मंत्री के रूप में आपकी सफलता का क्या राज है? किसिंजर ने उत्तर दिया कि विश्व के सभी देशों के आपसी सम्बन्ध, अपने-अपने इतिहास, परम्परा व विदेश नीति से तय होते हैं, पूर्व निर्धारित होते हैं, जिन्हें सामान्यतया नहीं बदला जा सकता है। मैं भी उनका अतिक्रमण नहीं करता लेकिन मेरा प्रयास रहता है कि मैं सम्बन्धों की परिधि (सीमा-रेखा) के आस-पास रहकर यथासम्भव रिश्तों में परिष्कार (नवीनता) करने का प्रयास करूं। **बहिनों**, नारी शक्ति और मण्डल के संदर्भ में भी मैं यह कहना चाहूंगी कि हम अपनी परम्परा, पहचान, संस्कार, गौरव और मूलभूत सिद्धान्तों को अक्षुण्ण रखते हुए आवश्यक परिष्कार, परिवर्तन करते रहें। जैसे कि हमारे तेरापंथ धर्मसंघ ने श्रद्धेय आचार्य भिक्षु के मूलभूत सिद्धांतों को अक्षुण्ण रखते हुए सामयिक परिवर्तन कर अपनी प्रासंगिकता को बनाए रखा है। हमें भी अपनी मर्यादा और संस्कारों को बनाए रखते हुए मण्डल को नया रूप प्रदान करना है।

**नववर्ष** के इस शुभ अवसर पर मैं आप सभी के लिए संस्कार, संयम, सेवा, सुख, समर्पण, सहिष्णुता, सदाचार, साधना, सौहार्द, समन्वय, समृद्धि, स्वास्थ्य और सफलता की कामना करती हूं। नया वर्ष आपके लिए सार्थक हो, मंगलमय हो, नये क्षितिज के द्वार उद्घाटित करें, **इन्हीं शुभकामनाओं के साथ...**

**शुभाकांक्षी**
Sarita Daga
**सरिता डागा**

# POWERHOUSE



समय परिवर्तनशील है। समय के साथ परिस्थितियाँ बदलती हैं, चिंतन बढ़ता है और व्यवहार भी बदलता है। इस परिवर्तन का सर्वाधिक प्रभाव पड़ता है युवा पीढ़ी पर। प्रभाव पड़ना बड़ी बात नहीं है, क्योंकि तीव्रगामी प्रवाह अपने साथ बहुत कुछ बहा ले जाता है। यह अनुस्रोतगामिता की बात जितनी सीधी है उतनी ही लुभावनी भी है। पर मैं चाहता हूँ कि समाज के कार्यकर्ता प्रतिस्रोतगामी बनना सीखें। प्रतिस्रोत में बहना कठिन हो सकता है, किन्तु उसका जो परिणाम आता है वह अनुस्रोत में बहने से नहीं आ सकता। आगम की भाषा में– अणुसोओ संसारो, पडिसोओ तस्स उत्तारो।

**– आचार्य श्री तुलसी**



कुछ लोक संकल्प करते हैं, किन्तु वह बीच में ही टूट जाता है। दिन में पाँच बार करते हैं तो पाँच बार टूटता है। प्रश्न है– संकल्प मजबूत कैसे बने? जो व्यक्ति इंद्रियों पर नियंत्रण रखता है, जिसमें कष्ट सहने की शक्ति है और जिसका मन एकाग्र है, चंचलता पर जिसने अंकुश लगा रखा है, उसका संकल्प मजबूत होता है।

**–आचार्य श्री महाप्रज्ञ**



जो व्यक्ति विनीत होता है, आचार सम्पन्न होता है, गुरुदृष्टि को समझने वाला होता है, मितभाषी और मधुरभाषी होता है, उसका सम्मान होता है, प्रतिष्ठा मिलती है। जो व्यक्ति अविनीत होता है, दुःशील होता है, गुरु की आज्ञा के प्रतिकूल आचरण करता है और बहुभावी होता है, वह तिरस्कार का पात्र बनता है। आदमी यह प्रयास करे कि उसके जीवन में शालीनता, नम्रता, आचार–सम्पन्नता और परीक्ष्यभाषिता का विकास हो। जिससे वह आत्मकल्याण की दिशा में द्रुतगामी से आगे बढ़ सके।

**–आचार्य श्री महाश्रमण**



नारी को परमात्मा का सबसे बड़ा जादू कहा गया है, उसने समूचे संसार को अपनी मुट्ठी में बांध रखा है, ऐसी स्थिति में पारिवारिक सुख और शांति की पूरी जिम्मेदारी उसी पर आती है। इसके लिए अपेक्षित है समता की साधना, सापेक्ष सहयोग–भाव एवं आत्मविश्वास।

**–साध्वी प्रमुखाश्री कनकप्रभा**



1 जनवरी, 2024 के दिन हमने नए साल का स्वागत किया और 2023 को अलविदा कहा। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी लोगों ने नए सपने देखे हैं, नए संकल्प किए हैं और कल्पनाओं के वातायन से सुदूर आसमां में झांकने का प्रयास किया है। अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल एक मंच है महिलाओं के संख्या–विस्तार एवं गुणात्मक विकास की प्रस्तुति का। अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल एक मंच है महिलाओं के कर्त्तव्य की अभिव्यक्ति का। परमपूज्य आचार्यवर के आशीर्वाद से अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल ने अनेक क्षेत्रों में कार्य किया है और आज भी कर रहा है। समाज उत्थान के साथ–साथ आत्म–उत्थान की दृष्टि से भी बहिनों में अच्छी सक्रियता परिलक्षित हो रही है। नया साल महिलाओं के सशक्तिकरण का साल बने। नया साल नई–नई प्रतिभाओं के प्रस्फुरण एवं पल्लवन का साल बने। नया साल बहिनों की रचनात्मक क्षमताओं के जागरण एवं प्रस्तुति का साल बने। महिलाएं अपनी सोच को उदात्त बनाएं। संयम, श्रम और सेवा की त्रिपथगा में अभिस्नात रहती हुई बहिनें सफलता के नए सोपानों पर आरोहण करें। महिला मंडल के द्वारा किया जाने वाला हर कार्य संघीय एवं सामाजिक– दोनों दृष्टियों से श्रेयस्कर हो, मंगलकामना।

**–साध्वी प्रमुखाश्री विश्रुतविभा**

रिश्ते
श्री अनमोल धरोहर

# तेरापंथ महिला मंडल
## माह जनवरी : करणीय कार्य
## Relationship Skills

स्वस्थ परिवार
स्वस्थ समाज

## अनमोल रिश्ता : सास-बहू का

### परिवार में रहे खुशियां बरकरार,
### सास-बहू की बॉन्डिंग बने सदाबहार।।

परिवारों में संस्कारों की जड़ों को मजबूत करते हैं– हमारे रिश्ते और उनसे जुड़ा हमारा व्यवहार, हमारे संस्कार। जीवन का हर रिश्ता कुछ-कुछ कहता है जो बहुत महनीय होता है। रिश्तों की बॉन्डिंग सौहार्दपूर्ण होती है तो हर रिश्ता वरदान बन जाता है। गत माह Relationship Skills में हमारा कार्यक्रम **'माँ का दिशाबोध : बेटी की उड़ान– माँ–बेटी का रिश्ता'** से संबंधित विषय था। इस माह इस उपक्रम के अन्तर्गत हमारा आयोजन एक और महत्वपूर्ण रिश्ते की ओर जानने का उपक्रम बनेगा जो है– **सास–बहू की Relationship** का– **'अनमोल रिश्ताः सास–बहू का'**। जीवन के रिश्तों में सबसे नाजुक, सबसे मजबूत और सबसे महत्वपूर्ण रिश्ता है– सास–बहू का, जो आधार है परिवार में शांति, खुशहाली, सामंजस्य और समृद्धि का।

नववर्ष का प्रारम्भ करते हैं परिवार के इस रिश्ते की धरोहर को जीवंतता प्रदान करके :

- बहू कैसी हो– Homemaker या working ? (अपेक्षानुसार बिन्दु की समीक्षा)
- सामंजस्य का सूत्र कैसे बिठाएं Homemaker सास और Working बहू के बीच तालमेल ?
- कैसे बने सास–बहू का रिश्ता नाजुक से मजबूत ?
- सास–बहू के रिश्ते में मधुरता के लिए बेटे/पति की अपेक्षित भूमिका ?
- पराये घर की बेटी को नये घर में बेटी का दर्जा तो मिले लेकिन बहू का अस्तित्व कैसे कायम रहे ?
- नववधू के दायित्व में विचारों की महत्ता।
- सास–बहू के विचारों में Generation Gap को कैसे समझें ?

कार्यशाला का प्रारम्भ– प्रेक्षाध्यान प्रयोग– समताल श्वास प्रेक्षा (5 मिनट) से करें।

उपरोक्त बिन्दुओं पर करें चर्चा–परिचर्चा, सास और बहुओं के संग। जानें दोनों की समस्याएं और अपेक्षित समाधान। दोनों की खुशियों का राज जानने का भी अवसर मिले। साथ ही आयोजित करें सास –बहू का एक खुला मंच (जिसे परिसंवाद के माध्यम से भी किया जा सकता है) जिसमें–

- अपेक्षाएं एक सास की बहू से।
- अपेक्षाएं बहू की सास से।

और सास–बहू की जोड़ी को मजबूती प्रदान करने के लिए साझा करें कुछ टिप्स।

उपरोक्त बिन्दुओं को आधार बनाकर कार्यशाला का आयोजन करें जिसमें सास और बहू की जोड़ी को विशेष रूप से आमंत्रित करें।अच्छे विचारों को प्रोत्साहित करें।

## श्रावक संबोध

आध्यात्मिक प्रवृत्तियां

गणाधिपति गुरुदेव श्री तुलसी की अद्भुत देन है **'श्रावक संबोध'**। श्रावक की आचार संहिता का अमूल्य अवदान है श्रावक संबोध। सभी मंडल से अनुरोध है कि अपने–अपने क्षेत्र में अधिकाधिक बहिनें श्रावक संबोध कंठस्थ करें। इस हेतु अभातेममं ने श्रावक संबोध के अपर भाग का PDF file भी तैयार किया है जिसका link नीचे दिया गया है। अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल गुरुदेव तुलसी की पुण्यतिथि (24 जून) के अवसर पर जून माह में श्रावक संबोध पर एक प्रतियोगिता का आयोजन भी करेगी, जिसकी रूपरेखा यथा समय दे दी जाएगी।

Google Drive Link :
https://drive.google.com/file/d/1fsKMPr-vli8NbO1suVQW51RN8pFbmJaL/view?usp=drive_link

## तेरापंथ कन्या मंडल
## हमारी कन्याएं : हमारी धरोहर

**प्यारी कन्याओं,**
स्नेहिल जयजिनेन्द्र !

*वर्ष आता है चला जाता है। यह कोई विशेष बात नहीं। विशेष बात यही है कि हर वर्ष आदमी के विकास का कालमान बनें।*

**–आचार्य श्री महाश्रमण**

परम पावन पूज्य गुरुदेव के उपरोक्त अमृत आशीर्वाद को शिरोधार्य करते हुये सभी को नये वर्ष को विकास के रूप में संजोते हुए नये लक्ष्य व नये जोश के साथ आगे बढ़ना है। विकास का संकल्प हमेशा विशाल हो, बड़ा हो और कदम छोटे होते हुए भी सबल व सुदृढ़ हो।

नदी जहाँ से जन्म लेती है, वह धार बहुत पतली होती है लेकिन धीरे–धीरे वह इतनी विशाल व विराट होती चली जाती है कि गंगोत्री से पैदा होने वाली गंगा एक दिन गंगासागर बन जाती है।

आवश्यकता है आप निश्चित लक्ष्य बनायें, लक्ष्य प्राप्ति के अनुरूप कार्यप्रणाली तय करें और दृढ़ संकल्प व आत्मविश्वास की मशाल जलाकर अगली मंजिलों के लिये कूच करें, जीत आपकी होगी। आपकी प्रगति को प्रकाश की गति मिलेगी। नये वर्ष की नवीन किरणें आप सभी को उर्मित करें, उर्जित करें।

**आपकी दीदी**
**अदिति सेखानी**

---

## जनवरी : करणीय कार्य (तेरापंथ कन्या मण्डल)
### आराधना आराध्य की : महाश्रमण अष्टकम्

आचार्य श्री महाश्रमणजी के 50वें दीक्षा कल्याण महोत्सव के पावन उपलक्ष्य में उनकी अभ्यर्थना हेतु समस्त कन्याओं को **शासनमाता साध्वीप्रमुखाश्री कनकप्रभा** द्वारा रचित **महाश्रमण– अष्टकम्** को शुद्ध उच्चारण के साथ अर्थ–सहित सलक्ष्य कंठस्थ करना है। अतः क्षेत्रीय कन्यामण्डल प्रभारी एवं संयोजिकाएं इस पर विशेष ध्यान दें।

संलग्न link में इसकी PDF अर्थ सहित शामिल है।

https://bit.ly/mahashramanashtkam

**संयोजिका : दृष्टि जैन– 9993243439, प्राची बालड़– 9157769139**

---

## असतो मा सद्गमय
## एक कदम सकारात्मकता की ओर
## 18 पाप वीडियो मेकिंग प्रतियोगिता : एक रिपोर्ट

तेरापंथ कन्यामंडल के लिए Zoom पर आयोजित इस प्रतियोगिता में कुल 97 प्रविष्ठियों के वीडियो प्राप्त हुए जो 18 पाप एवं आध्यात्मिक कार्य के प्रति उनकी कड़ी मेहनत, शोध और सीखने की योग्यता को दर्शाते हैं। कुल 97 प्रविष्ठियों में से शीर्ष 21 प्रविष्ठियों का चयन किया गया।

इस कार्यक्रम का शुभारम्भ **श्रीमती सुमन नाहटा,** राष्ट्रीय उपाध्यक्ष द्वारा नमस्कार महामंत्र के उच्चारण से हुआ। कन्या मण्डल की राष्ट्रीय प्रभारी **श्रीमती अदिति सेखानी** ने स्वागत वक्तव्य देते हुए कार्यक्रम की success journey से अवगत करवाया। राष्ट्रीय अध्यक्ष **श्रीमती सरिता डागा** एवं महामंत्री **श्रीमती नीतू ओस्तवाल** ने सभी प्रतिभागियों एवं व्यवस्थाओं से जुड़ी कार्यकर्ता बहिनों को बधाई दी। कन्या मण्डल सह प्रभारी **श्रीमती सोनम बागरेचा** ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के भव्य आयोजन में **सुश्री खुशी बाफना** का सराहनीय श्रम रहा।

प्रतियोगिता में शीर्ष 4 क्षेत्रों की घोषणा की गई जो इस प्रकार है :

* **प्रथम स्थान :** भुवनेश्वर (विषय: द्वेष)।
* **द्वितीय स्थान :** अहमदाबाद (विषय: प्राणतिपात) एवं गदग (विषय : मान)।
* **तृतीय स्थान :** पुणे (विषय : मिथ्यादर्शनशल्य ) एवं हैदराबाद (विषय : अभ्याख्यान)।
* **चतुर्थ स्थान :** मंड्या (विषय : लोभ) एवं कोयंबटूर (विषय : मैथुन)।

**सबके प्रति मंगल कामना।**

# श्री उत्सव

## एक कदम स्वावलम्बन की ओर...

An Exhibition to boost Creativity, Homemade Items, Handmade Items & Businesses of Women

अभातेममं द्वारा प्ररूपित **श्री उत्सव** विगत कई वर्षों से बहनों के स्वावलम्बन विकास व आत्मविश्वास संवर्द्धन में सहायक सिद्ध हो रहा है। इस वर्ष भी शाखा मंडलों से निवेदन है कि श्री उत्सव का आयोजन अवश्य करें।

1. श्री उत्सव का आयोजन क्षेत्र की सुविधानुसार वर्ष में दो बार भी किया जा सकता है। यथासम्भव **रक्षाबंधन एवं दीपावली** के आस-पास के समय को प्राथमिकता दें।
2. **श्रावण-भाद्रव** मास में श्री उत्सव का आयोजन न किया जाए।
3. लघु/गृह स्तर पर काम कर रही बहिनों के लिए श्री उत्सव एक सशक्त मंच बने, ऐसा प्रयास करें।
4. श्री उत्सव में हाउजी, रुपयों के खेल, वीडियो गेम आदि के स्टॉल न रखे जाए। संस्कृति परक मनोरंजक खेल के स्टॉल रखे जा सकते हैं।
5. कोशिश करें कि कन्या मंडल की सहभागिता अवश्य रहे।
6. खाद्य सामग्री में जमीकंद का उपयोग न हो।
7. श्री उत्सव प्रदर्शनी का उद्घाटन यथासंभव स्थानीय क्षेत्र की विशिष्ट महिला द्वारा करवाया जाए।
8. श्री उत्सव प्रदर्शनी में महिला मंडल की विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए एक स्टॉल अवश्य लगाएं, उस स्टॉल पर दायित्व निर्वहन वाली बहिनें मंडल के गणवेश में रहें।
9. आवश्यकतानुसार श्री उत्सव के लिए बैनर बनवाए जा सकते हैं। बैनर में स्थानीय अध्यक्ष, मंत्री के नाम की अपेक्षा नहीं है।
10. शाखा मंडल श्री उत्सव को Pan India Level पर भी कर सकते हैं, जिसे आयोजित करने में **अभातेममं** शाखा मंडल को यथोचित सहयोग करेगा। Pan India Level के श्री उत्सव महानगर एवं नगर श्रेणी वाले क्षेत्र दो दिवसीय आयोजित करने का प्रयास करे एवं किसी बड़े वातानुकूलित स्थान में आयोजित करें।
11. शाखा मंडलों को एक महीने पूर्व श्री उत्सव की समस्त रूपरेखा राष्ट्रीय संयोजिका को बतानी होगी।
12. श्री उत्सव की राष्ट्रीय संयोजिका स्थानीय स्तर पर संयोजिका नहीं बन सकती है।
13. श्री उत्सव का आयोजन संस्था के आर्थिक सुदृढ़ीकरण में भी सहयोगी बन सकता है।

**संयोजिका : श्रीमती संगीता बाफना, 9836060000, श्रीमती मनाली चौरड़िया, 8824181044**

---

## संगठन
## Connect Door-to-Door
## (Proud to be Mandal Member)

अभातेममं का लक्ष्य है कि अधिक से अधिक बहिनें स्थानीय महिला मंडल के साथ जुड़ें एवं कन्याएं कन्या मण्डल के साथ जुड़ें। इस दृष्टि से मण्डल ने संगठन की सुदृढ़ता हेतु Connect Door-to-Door कार्यक्रम अपने हाथ में लिया है। अभियान की सफलता के लिए हम सब का सलक्ष्य सघन प्रयास अपेक्षित है। परिवारों से संपर्क का कार्य **30 अप्रैल** तक सम्पन्न करें।

- मण्डल हमें स्वयं की पहचान एवं प्रतिभा के विकास एवं प्रोत्साहन हेतु मंच प्रदान करता है।
- मण्डल की गतिविधियों एवं कार्यक्रमों में भाग लेने हेतु प्रेरित करें।
- बड़े क्षेत्रों में क्षेत्रीय संगोष्ठियों का आयोजन करें एवं अधिकाधिक बहिनों को जोड़ने का प्रयास करें।
- छोटे क्षेत्रों में यथासम्भव प्रत्येक घर से व्यक्तिशः सम्पर्क करें।
- मंडल के कार्यक्रमों में अनुपस्थिति का कारण समझें एवं समुचित समाधान दें।
- मण्डल के कार्यक्रमों के लिए सुझाव मांगें एवं अच्छे सुझावों को आपके प्रभारी तक पहुँचाये।

अन्य जानकारी हेतु संयोजिका से सम्पर्क कर सकते हैं-

**संयोजिका : श्रीमती माला कातरेला, 9841725560, श्रीमती उषा सिसोदिया, 9414974538.**

आध्यात्मिक प्रवृत्तियां

## आचार्यश्री महाश्रमणजी के दीक्षा कल्याण महोत्सव के उपलक्ष्य में "आराधना आराध्य की" उपक्रम के अंतर्गत भेंट तप की, के क्रम में एकलठाणा सूची - क्रमशः... दिसम्बर 2023

### शाखा मंडल

| दिनांक | शाखा | कुल संख्या | दिनांक | शाखा | कुल संख्या |
|---|---|---|---|---|---|
| 01.12.2023 | पिंपलनेर | 6 | 16.12.2023 | उत्तर हावड़ा | 53 |
| 01.12.2023 | अमराईबाड़ी | 110 | 16.12.2023 | कांचीपुरम | 6 |
| 01.12.2023 | मंगलोर | 5 | 17.12.2023 | कामरेज | 171 |
| 01.12.2023 | भिवानी | 2 | 17.12.2023 | इस्लामपुर | 70 |
| 02.12.2023 | रायगंज | 6 | 18.12.2023 | बेहाला कोलकाता | 62 |
| 02.12.2023 | ब्यावर | 55 | 19.12.2023 | पटना सिटी | 19 |
| 03.12.2023 | बेल्लारी | 21 | 20.12.2023 | सेंट्रल दिल्ली | 61 |
| 04.12.2023 | रामपुर पटनागढ़ | | 20.12.2023 | टी. दासरहल्ली बंगलूरु | 21 |
| 05.12.2023 | उत्तरपाड़ा | 15 | 21.12.2023 | बीरगंज | 20 |
| 06.12.2023 | सिलचर | 21 | 22.12.2023 | बैकुंठपुर | 16 |
| 06.12.2023 | यशवंतपुर, बंगलोर | 16 | 23.12.2023 | फरीदाबाद | 90 |
| 07.12.2023 | लाडनूं | 37 | 24.12.2023 | गंगाशहर | 70 |
| 07.12.2023 | जावद | 3 | 24.12.2023 | श्रीडूंगरगढ़ | 65 |
| 08.12.2023 | सैंथिया | 23 | 24.12.2023 | रतनगढ़ | 10 |
| 09.12.2023 | डीसा | 15 | 24.12.2023 | दौलतगढ़ | 13 |
| 09.12.2023 | सफाले | 10 | 25.12.2023 | सोलापुर | 13 |
| 10.12.2023 | होसपेट | 6 | 25.12.2023 | चिकमंगलूर | 30 |
| 10.12.2023 | बोईसर | 25 | 26.12.2023 | राजराजेश्वरी नगर | 67 |
| 10.12.2023 | गजपुर | 4 | 26.12.2023 | चूरू | 8 |
| 11.12.2023 | उत्तरी दिल्ली | 380 | 26.12.2023 | शीरपुर | 5 |
| 12.12.2023 | तिरुवन्नामलाई | 23 | 27.12.2023 | अम्बिकापुर | 15 |
| 12.12.2023 | अमलनेर | 8 | 28.12.2023 | पर्वत पाटिया | 141 |
| 12.12.2023 | काठमांडू | 90 | 29.12.2023 | असाडा | 25 |
| 12.12.2023 | पटना | 7 | 29.12.2023 | वलसाड | 51 |
| 13.12.2023 | मध्य कोलकाता | 24 | 30.12.2023 | विजयनगरम | 22 |
| 14.12.2023 | कांटाबांजी | 5 | 31.12.2023 | मोमासर | 10 |
| 15.12.2023 | कूचबिहार | 25 | अक्टूबर, नवम्बर, दिसम्बर माह के कुल एकलठाणा | | 15529 |

**विशेष** : तेरापंथ महिला मंडल, अहमदाबाद और हैदराबाद में प्रतिदिन एकलठाणा का क्रम चालू है।
Akalthana Report link : https://forms.gle/BaohPP2vTveWAzuE6

लिखें शक्ति की नई ऋचाएं, अनुशासन के दीप जलाएं

# अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल द्वारा

## Cancer Awareness Programme

**अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल** द्वारा महिलाओं के लिए Cancer Awareness **कार्यक्रम** का शुभारम्भ किया जा रहा है जो वर्ष पर्यन्त चलेगा। इस कार्यक्रम का आगाज आगामी **4 फरवरी, 2024 'विश्व कैंसर दिवस'** के दिन से प्रारम्भ किया जाएगा। कार्यक्रम से संबंधित कुछ आवश्यक जानकारी–

❋ 4 फरवरी को आयोजित होने वाला विश्व कैंसर दिवस यूनियन फॉर इंटरनेशनल कैंसर कंट्रोल (यूआईसीसी) UICC के नेतृत्व में वैश्विक एकजुट पहल है। इस वर्ष के विश्व कैंसर दिवस की थीम "Close The Care Gap" है।

इस विश्व कैंसर दिवस पर, आइये हम साथ मिलकर काम करने की शक्ति को पहचानते हैं। हम जानते हैं कि हम में से हर एक में बदलाव लाने की क्षमता है और साथ मिलकर हम कैंसर के वैश्विक प्रभाव को कम करने में वास्तविक प्रगति कर सकते हैं।

4 फरवरी को, **अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल**– चाहे आप कहीं भी हों, कैंसर मुक्त दुनिया बनाने में आपकी अपनी भूमिका निभाने का आह्वान करती है।

वैश्विक स्तर पर कैंसर बड़ा स्वास्थ्य जोखिम है, साल–दर–साल इसके रोगियों और मृतकों की संख्या बढ़ती जा रही है। भारत में भी पिछले एक दशक में कैंसर के मामलों में तेजी से बढ़ोतरी आई है। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक, सभी उम्र के लोगों में कैंसर का निदान किया जा रहा है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है, जिस तरह से लाइफस्टाइल और आहार में गड़बड़ी के मामले देखे जा रहे हैं, इससे आशंका है कि अगले कुछ सालों में कैंसर रोगियों की संख्या में और उछाल आ सकता है। इन्हीं जोखिमों को देखते हुए अभातेमम कैंसर से बचाव के लिए महिलाओं के लिए एक वर्षीय अभियान देशभर में चलाने का आह्वान करता है, जिसे सक्रिय करेंगी हमारी 450 शाखायें।

विश्व कैंसर दिवस 4 फरवरी को निर्धारित है। इसकी जागरूकता जन–जन तक पहुँचे, इस हेतु प्रतिमाह अलग–अलग कैंसर बीमारियों को निर्दिष्ट कर इसका आयोजन देशभर में किया जाता है। यही कारण है कि हमारा अभियान परिवर्तन को प्रेरित करने और दिन के बाद लम्बे समय तक कार्य को संगठित करने के लिए बनाया गया है। एक वर्षीय अभियान का अर्थ है अधिक एक्सपोजर और सहभागिता, वैश्विक जागरूकता पैदा करने के अधिक अवसर और अंततः अधिक प्रभाव। साथ मिलकर, कैंसर देखभाल में देखभाल के अंतर को सर्वस्व समाप्त करने का समय आ गया है।

**अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल के एकवर्षीय कैंसर जागरूकता अभियान के अंतर्गत करणीय कार्य–**

❋ फरवरी माह में सभी शाखा मंडलों को महिलाओं के लिए Cancer Awareness से संबंधित कैम्प आयोजित करने का लक्ष्य रखना है। जो छोटे क्षेत्र हैं वे निकटवर्ती बड़े क्षेत्र से सम्पर्क कर कैंप की व्यवस्था कर सकते हैं।

❋ अगर किसी भी प्रकार के जाँच की अपेक्षा हो तो मंडल डॉक्टर से पहले ही संपर्क कर उन्हें अभियान की जानकारी दे और उन्हें अच्छा डिस्काउंट देने का निवेदन करे।

❋ अगर हॉस्पिटल में कैंसर पीड़ित मरीज हो, तो उनसे मिलें, बात करें और सुविधानुसार उन्हें कुछ वितरित भी किया जा सकता है।

❋ अभातेमम द्वारा इस संदर्भ में जानकारी हेतु विशेषज्ञ डॉक्टर्स के साथ Zoom मीटिंग आयोजित की जाएगी, जिसकी सूचना यथासमय दे दी जाएगी।

❋ अभातेमम द्वारा आयोजित Zoom मीटिंग में ज्यादा से ज्यादा सदस्यों को जोड़ने की प्रेरणा दें। उन्हें जागरूक करें।

❋ इस एकवर्षीय Cancer Awareness अभियान के तहत एक Mini Cancer Directory बनाने का लक्ष्य रखा है जिसमें भारत के सभी प्रसिद्ध कैंसर अस्पतालों का एवं उनके Specialist Doctors के फोन नम्बर समाहित किए जाएंगे।

इस विषय पर अगर कोई विशेष जानकारी देना चाहे तो वे **राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य श्रीमती अनिता बरड़िया, 9500464089** से सम्पर्क कर उन्हें बता सकते हैं।




## पार्श्वनाथ जन्म कल्याणक दिवस : 6 जनवरी, 2024

**तीर्थंकर भगवान पार्श्वनाथ** के जन्म कल्याणक दिवस
शनिवार, पौष कृष्णा दशमी दिनांक 6.1.2024 को नवकारसी/पोरसी/उपवास तप
और उपसर्गहर स्त्रोत का जप करते हुए करें।
कर्म निर्जरा के इस महनीय उपक्रम से स्वयं को अवश्य जोड़ें।

## कन्या सुरक्षा सर्किल : झण्डारोहण

अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल के निर्देशानुसार विभिन्न क्षेत्रों में शाखा मंडलों द्वारा **आचार्य महाश्रमण** के नाम से कन्या सुरक्षा सर्किल का निर्माण किया गया है। सभी शाखा मंडलों को निर्देशित किया जाता है कि वे उनके द्वारा बनाये गये सर्किलों के **योगक्षेम** की व्यवस्था करें। कन्या सुरक्षा सर्किल का रखरखाव नियमित रूप से हो, इस हेतु विशेष ध्यान दें।

26 जनवरी, 2024 शुक्रवार को भारतीय गणतंत्र दिवस के दिन कन्या सुरक्षा सर्किल पर झण्डारोहण करें और सर्किल के रखरखाव का संकल्प लें। आयोजित कार्यक्रम की जानकारी संयोजिका **श्रीमती रंजू लूणिया– 9436103330, श्रीमती अर्चना भंडारी– 9810011500** को प्रेषित करें।

भावना सेवा

# उपासना का अनुपम अवसर भावना सेवा

श्रावक के बारह व्रत में एक व्रत है– अतिथि संविभाग व्रत। इस व्रत से जुड़ने वाला व्यक्ति सुपात्र दान का लाभ प्राप्त कर अपने कर्मो की निर्जरा करता है। अभातेममं का एक प्रकल्प भावना सेवा है जिससे जुड़कर मंडल की कई बहिनों ने अतिथि संविभाग व्रत को समझा है और सेवा का अच्छा लाभ भी लिया है। परमपूज्य आचार्य प्रवर की रास्ते की सेवा में, भावना सेवा प्रकल्प में अनेक शाखा मंडल जुड़ते हैं। इस वर्ष यह प्रकल्प 1 मार्च से प्रारम्भ किया जा रहा है। जो शाखा मंडल इस प्रकल्प के अंतर्गत सेवा देना चाहते हैं, वे संयोजिका से सम्पर्क कर अपनी तिथि आरक्षित करवालें। भावना सेवा से संबंधित जानकारी –

1. सेवार्थी मण्डल को साध्वी प्रमुखाश्री जी एवं साध्वीवर्याजी से आध्यात्मिक मार्गदर्शन।
2. गोचरी विधि एवं सचित अचित की जानकारी।
3. सुपात्र दान का महत्व।

**संयोजिका : श्रीमती मधु देरासरिया– 9427133069,**
**श्रीमती शशिकला नाहर– 9741344340, श्रीमती ममता रांका– 9414142924.**

---

WISDOM WEDNESDAY

अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल द्वारा प्रत्येक महीने के प्रथम और तृतीय बुधवार को स्वाध्याय की दृष्टि से Wisdom Wednesday Quiz का दोपहर 2 बजे से रात्रि 9 बजे तक ABTMM FB page पर आयोजन किया जाता है। यह quiz **आचार्य श्री महाश्रमण जी** द्वारा लिखित पुस्तक **संवाद भगवान से** पर आधारित है। प्रथम क्विज दिनांक **6.12.2023** में लगभग 1821 संभागी और दूसरी क्विज **20.12.2023** में लगभग 2000 संभागी रहे। दोनों ही क्विज के भाग्यशाली विजेताओं के नाम का उल्लेख नीचे किया जा रहा है :

अधिक जानकारी हेतु सम्पर्क करें :–

**श्रीमती जयश्री जोगड़, मो.: 90282 84801, श्रीमती निर्मला चिण्डालिया, मो.: 98194 18492**

Facebook Page से जुड़ने हेतु link है : www.facebook.com/abtmmjain/

**Wisdom Wednesday Quiz (1) Result :**

1. आरती धारीवाल, काठमांडौ, 2. संतोष पींचा, हैदराबाद, 3. सुमन नवलखा, ठाणे, 4. दृष्टि जैन, नोएडा, 5. मोनिका बुच्चा, अहमदाबाद, 6. रेखा कोठारी, जयपुर सी–स्कीम, 7. मंजू डागा, रायपुर, 8. प्रतिमा जैन, शहादा, 9. सीमा चौपड़ा, हिरियुर, 10. बबिता लोढ़ा, मदुराई।

**Wisdom Wednesday Quiz (2) Result :**

1. कुशाल ढेलड़िया, बालोतरा, 2. प्रियंका पारख, काठमांडौ, 3. अनुप्रेक्षा चोरड़िया, कांकरोली, 4. जतनदेवी संचेती, गुवाहाटी, 5. सरला लुंकड़, सेलम, 6. मंजू श्यामसुखा, अहमदाबाद, 7. संगीता हिंगड़, भायंदर, 8. प्रतिभा जैन, शहादा, 9. जयश्री गंग, करीमगंज, 10. संपत सिंघी, हैदराबाद।

सभी विजेताओं को बधाई, मंगलकामना।

---

# तेरापंथ कन्या मंडल Empower Her कार्यशाला का आयोजन

अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल के तत्वावधान में तेरापंथ कन्या मंडल एवं अहमदाबाद मैनेजमेंट एसोसिएशन के संयुक्त आयोजन में त्रिदिवसीय zoom कार्यशाला Empower Her– Ignite your Potential, Ignite your Future का आयोजन किया गया जिसमें 87 क्षेत्रों की 300 से अधिक कन्याओं ने उत्साह के साथ अपनी सहभागिता दर्ज करवाई। कार्यक्रम के विभिन्न सत्रों को **श्रीमती भाविनी शाह,** Mrs. India Runner up, **श्रीमती खुशबू गंगवानी,** Mindfullness Trainer, **श्रीमती नेसर्गी शाह** , Life coach एवं **फ्रंसिस लोबो** ने विभिन्न सत्रों में प्रशिक्षण प्रदान किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष **श्रीमती सरिता डागा** ने अपने वक्तव्य में कन्याओं को Stress Management की महता के बारे में बताया। कार्यक्रम के विभिन्न सत्रों में प्रधान ट्रस्टी **श्रीमती पुष्पा बैंगानी,** ट्रस्टी **श्रीमती विमला दूगड़** ने नमस्कार महामंत्र के उच्चारण से सत्र का प्रारम्भ करवाया। कन्या मंडल राष्ट्रीय संयोजिका **श्रीमती अदिति सेखानी** ने हार्दिक स्वागत करते हुए वर्कशॉप की रूपरेखा प्रस्तुत की। अभातेममं महामंत्री **श्रीमती नीतू ओस्तवाल** ने कन्याओं की प्रतिभाओं की सराहना की। कार्यशाला के विभिन्न सत्रों का संचालन क्रमशः कन्या मंडल सहप्रभारी **श्रीमती सोनम बागरेचा, श्रीमती वर्षा लूनिया, सुश्री काजल मादरेचा** ने किया। कार्यशाला को सफल बनाने में **सुश्री जागृति चौरड़िया, सुश्री तृप्ति तातेड़, सुश्री आयुषी कोठारी, सुश्री सौम्या, सुश्री काजल, सुश्री आंगी खतंग** एवं **श्रीमती वर्षा लूनिया** का श्रम मुखर रहा।

# आचार्य तुलसी शिक्षा परियोजना के अन्तर्गत तत्त्वविज्ञ परीक्षा परिणाम

'सा विधा या विमुक्तये' विधा वही है जिससे मुक्ति सधे। उस विधा को प्राप्त करने के लिए स्वाध्याय जरूरी है, ज्ञान जरूरी है, ज्ञान बहुत बड़ी संपदा है। ज्ञान रूपी विधा प्राप्त करके ही हम मुक्ति के मार्ग की ओर अग्रसर हो सकते हैं। तत्त्वविज्ञ की परीक्षा 17 अगस्त व 20 अगस्त, 2023 को देश के **44** केन्द्रों पर हुई। **146** परीक्षार्थियों ने फार्म भरे व कुल **129** परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। सभी परीक्षार्थियों को बहुत-बहुत बधाई, मंगलकामना। 20 जनवरी, 2024 तक आप अपनी उत्तर पुस्तिका के Re-check के लिए आवेदन कर सकते हैं। **24 चारित्रात्माओं** ने भी परीक्षा दी, उनका **रिजल्ट शत-प्रतिशत** रहा।

तत्त्वज्ञान/तेरापंथ दर्शन की परीक्षा 20 एवं 23 दिसम्बर, 2023 को अमेरिका एवं भारत के **93** परीक्षा केन्द्रों पर सुव्यवस्थित सम्पन्न हुई। लगभग **638** परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। अगस्त व दिसम्बर में **54 चारित्रात्माओं** ने परीक्षा दी।

तत्त्वज्ञान/तेरापंथ दर्शन निर्देशिका **श्रीमती पुष्पा बैंगानी** एवं राष्ट्रीय संयोजिका **श्रीमती कुसुम बैंगानी** तथा पूर्व राष्ट्रीय संयोजिका **श्रीमती मंजू भूतोड़िया** की श्रमनिष्ठा से ये परीक्षाएं देश भर में सफलतापूर्वक संपादित हुई, आपके प्रति हार्दिक आभार। इस उपक्रम में सहयोगी बने सभी मंडलों एवं व्यवस्थापकों के प्रति भी आभार।

## तत्त्वविज्ञ 2023 प्रथम वर्ष परीक्षा - चारित्रात्माओं द्वारा

| नाम | पंजीकरण नं. | सत्र | रोल नं. | अंक 1 | अंक 2 | कुल अंक | वरीयता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| साध्वी पल्लव प्रभा (एम. प्रियंका) | VG5020 | 2023 | 7 | 100 | 100 | 200 | प्रथम |
| साध्वी रिषी प्रभा | VG5022 | 2023 | 9 | 95.5 | 98.5 | 194 | द्वितीय |
| साध्वी धृति प्रभा | VG5015 | 2023 | 2 | 94.5 | 94.5 | 189 | तृतीय |
| साध्वी रोहिणी प्रभा | VG5023 | 2023 | 10 | 90 | 99 | 189 | तृतीय |
| साध्वी मननीया प्रभा | VG5018 | 2023 | 5 | 90 | 93 | 183 | विशेष योग्यता |
| साध्वी पुष्य प्रभा | VG5021 | 2023 | 8 | 85.5 | 97.5 | 183 | विशेष योग्यता |
| साध्वी गंभीर प्रभा | Vg5016 | 2023 | 3 | 89.5 | 87.5 | 177 | विशेष योग्यता |
| साध्वी अनन्या प्रभा | Vg5014 | 2023 | 1 | 89.5 | 80.5 | 170 | विशेष योग्यता |
| साध्वी निर्णया प्रभा | Vg5019 | 2023 | 6 | 71.5 | 97.5 | 169 | विशेष योग्यता |
| साध्वी गौतम प्रभा | Vg5017 | 2023 | 4 | 70.5 | 91.5 | 162 | विशेष योग्यता |
| समानी शशिप्रभा | Vg5025 | 2023 | 12 | 60.5 | 76.5 | 137 | प्रथम श्रेणी |
| साध्वी श्रेष्ठा प्रभा | Vg5024 | 2023 | 11 | 48.5 | 69.5 | 118 | द्वितीय श्रेणी |

## तत्त्वविज्ञ 2023 द्वितीय वर्ष परीक्षा - चारित्रात्माओं द्वारा

| नाम | पंजीकरण नं. | सत्र | रोल नं. | अंक 1 | अंक 2 | कुल अंक | वरीयता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| साध्वी श्री प्रशांत यशा | Vg5012 | 2022 | 28 | 99.5 | 98.5 | 198 | प्रथम |
